आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 07.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की जनसंख्या संरचना और पहचान को किसी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर उड़ानों में भारी व्यवधान के लिए स्पष्टीकरण मांगा है।
- इंडिगो पर उड़ाने रद्द होने और यात्रियों की बढ़ती भीड़ के बीच रेलवे बड़े पैमाने पर अगले तीन दिन तक कई क्षेत्रों में 89 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है।
- भारतीय सैन्य अकादमी में स्पेशल लिस्ट–38 कोर्स के 56 ऑफिसर कैडेट के सम्मान में कल पिपिंग समारोह आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री पत्रकार वार्ता

उत्तराखंड में मतदाता सूची और अवैध अतिक्रमण से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की जनसंख्या संरचना और पहचान को किसी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। बागेश्वर में पत्रकारों के साथ बातचीत में श्री धामी ने बताया कि मतदाता सूची में घुसपैठियों, रोहिंग्याओं और संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों के नाम आने की शिकायतें मिली हैं, जिन पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड, वोटर आईडी, आधार और बिजली कनेक्शन सहित सभी दस्तावेजों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की कमियों और वोट बैंक राजनीति के कारण समय पर कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन अब स्थिति को बदलने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जों को हटाने के अभियान से अब तक दस हजार एकड़ सरकारी जमीन मुक्त कराई गई है, जिस पर पहले योजनाबद्ध तरीके से कब्जा किया गया था। उन्होंने कहा कि डेमोग्राफी को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी।

डीजीसीए

नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घण्टे के अंदर जवाब देने को कहा है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी असुविधा और परेशानी हुई। डीजीसीए ने इसके लिए स्वीकृत उड़ान समय सीमा मानदण्डों के तहत संशोधित जरूरतों के लिए पर्याप्त व्यवस्था न कर पाने के कारण हुए परेशानी के लिए विमानन कम्पनी

को जिम्मेदार ठहराया। नोटिस में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर उड़ान संचालन में विफलता से योजना और संसाधन प्रबंधन में बड़ी चूक का पता चलता है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंत्रालय के अधिकारियों और इंडिगो के सीईओ अल्बर्स के साथ स्थिति से निपटने को लेकर समीक्षा बैठक की।

रेलवे

रेलवे ने कल से दो दिन के लिए कई ज़ोन में 89 विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। सर्दियों के मौसम में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए इन विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। मध्य रेलवे में, पुणे से बेंगलुरु, पुणे से दिल्ली और मुंबई से दिल्ली सहित विभिन्न मार्गों पर 14 विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। पश्चिम रेलवे में, भिवानी से मुंबई और मुंबई से शकूरबस्ती सहित कई मार्गों पर सात विशेष रेल सेवाओं का संचालन होगा। इसी प्रकार, दक्षिण मध्य रेलवे चेरलापल्ली से शालीमार, सिकंदराबाद से चेन्नई एग्मोर और हैदराबाद से मुंबई विशेष रेल मार्गों पर रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है।

पिपिंग सरेमनी

भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में स्पेशल लिस्ट–38 कोर्स के 56 ऑफिसर कैडेट के सम्मान में कल पिपिंग समारोह आयोजित किया गया। इस कोर्स में वे सैनिक शामिल हैं जो पूर्व में सेना में सेवा दे चुके हैं और अब अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

समारोह में जूनियर अंडर ऑफिसर कुलबीर कुमार को कमांडेंट स्वर्ण पदक और ऑफिसर कैडेट अनंत पांडे को रजत पदक प्रदान किया गया। आईएमए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने कैडेटों को शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र सेवा तथा निष्ठा के मूल्यों पर कायम रहने के लिए प्रेरित किया।

अकादमी में दिए गए प्रशिक्षण ने कैडेटों के नेतृत्व गुण और सैन्य दक्षता को और निखारा। आईएमए प्रवक्ता मेजर भारत राणा ने कहा कि इस कोर्स की कमीशनिंग सेना को अनुभवी और प्रशिक्षित अधिकारी प्रदान करेगी, जिससे उसकी क्षमता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति

शीतकालीन पर्यटन स्थलों पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यूपीसीएल ने तैयारी तेज कर दी है। मसूरी, औली, लैंसडाउन, धनौल्टी, ऋषिकेश, हरिद्वार, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चकराता सहित चारधाम के शीतकालीन पूजा स्थलों में बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

यूपीसीएल ने निर्देश दिया है कि शीतकाल में बढ़ते पर्यटक आवागमन को देखते हुए किसी भी उपभोक्ता या पर्यटक को बिजली की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए 33 बाय 11 केवी उपकेंद्रों, हाई

टेंशन और लो टेंशन लाइनों, 11 केवी फीडरों और स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम का दैनिक निरीक्षण किया जा रहा है। आपात स्थितियों से निपटने के लिए कंडक्टर, केबल, पोल और ट्रांसफार्मर जैसी आवश्यक सामग्री पहले से उपलब्ध कराई गई है, ताकि समस्या आने पर तुरंत सप्लाई बहाल की जा सके। अधिकारियों को उपसंस्थानों और फीडरों का सघन निरीक्षण करने तथा टीम को हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्राकृतिक बाधाओं से बचाव के लिए बिजली लाइनों के आसपास पेड़ों की कटाई का काम पूरा कराया जा रहा है, साथ ही ट्रॉली ट्रांसफॉर्मरों की उपलब्धता और कार्यशील स्थिति की जांच भी की गई है। यूपीसीएल ने आश्वस्त किया है कि सभी प्रमुख शीतकालीन पर्यटन और तीर्थ स्थलों पर सुरक्षित और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति उसकी शीर्ष प्राथमिकता है।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं के त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चंपावत जिला सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी ने की। अपर जिलाधिकारी ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूरे करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी घोषणाओं में देरी स्वीकार्य नहीं है और अधिकारी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने बजट स्वीकृत घोषणाओं पर तुरंत कार्य शुरू करने तथा जिन कार्यों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट आवश्यक है, उन्हें शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। आवश्यक होने पर घोषणाओं के विलोपन की प्रक्रिया भी समय पर पूरी करने को कहा।

अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने और सड़क, पेयजल व आधारभूत संरचना से संबंधित कार्यों में गुणवत्ता और गति बनाए रखने के निर्देश दिए। वन भूमि हस्तांतरण से जुड़े मामलों में विभागों को वन विभाग के साथ समन्वय कर प्रस्ताव शीघ्र भेजने को कहा गया।

हेली सेवा

देहरादून से गढ़वाल मंडल के प्रमुख शहरों के लिए हेली सेवा की शुरुआत कल जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से की गई। पहली उड़ान में तीन और दूसरी उड़ान में पांच यात्री सवार रहे। नई 6 सीटर सेवा के जरिए देहरादून से टिहरी के कोटी कॉलोनी हेलीपैड, श्रीनगर और गौचर के लिए रोज दो उड़ानें संचालित होंगी। यह सेवा क्षेत्रीय संपर्क योजना– उड़ान के तहत शुरू की गई है।

इससे पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी और यात्रा समय में कमी आएगी। सरकार का कहना है कि इससे पर्यटन, रोजगार और आपदा प्रबंधन में लाभ मिलेगा।

पहली उड़ान सुबह सवा दस बजे और दूसरी उड़ान अपराह्न ढाई बजे जॉलीग्रांट से रवाना होगी। देहरादून–टिहरी का किराया दो हजार रुपए, टिहरी–श्रीनगर का एक हजार रुपए और श्रीनगर–गौचर का किराया भी एक हजार रुपए तय किया गया है।